हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

04 अहिरवार समाज संघ भारत शाखा ने सावित्रीबाई...



05 श्योपुर-विजयपुर के दो वार्डों में 3106 मतदाता...





## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री यशस्वी योजनान्तर्गत आवेदन आज तक

**सागर।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि पीएम यशस्वी योजनान्तर्गत अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आनलाईन आवेदन 5 जनवरी तक होंगे। पात्र विद्यार्थी को योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।



### दिन भर घने कोहरे के आगोश में रहा गौरझामर

**गौरझामर ।** पिछले करीब एक सप्ताह से यहां रोज छाने वाला घना कोहरा का गुरुवार को खास नजारा देखने को मिला। जब पूरे दिन भर लोग घना कोहरा और शीतलहर की चपेट में रहे । इस विषम प्राकृतिक परिस्थितियों में लोगों के दैनिक कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुए सडको पर तेज गति से फर्राटे भरने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। सामने कुछ नहीं दिखने सूझने वाला मंजर भी काफी चिंताजनक था जिससे वाहनों को दुर्घटना की आशंका को देखते हुए वाहन चालकों ने अपने अपने बाहनों की लाइटे जला कर ही यात्रा करना मुनासिब समझा। कडाके की सर्दी के इस मौसम मे चल रही व्यापक शीत लहर के चलते लोगो को वर्षो बाद जम्मू कश्मीर जैसा नजारा पहली बार देखने को मिला है । लोगो का कहना है की इतने लम्बे समय व दिनो तक लगातार कुहरा छाया रहना और इस दौरान वर्षा का भी होना तथा शीत लहर का चलना यह संजोग कई वर्षो बाद बना है । शीत लहर व घने कुहरे ने पूरे एक पखवाडे की दिनचर्या को तहस नहस करके रख दिया है । गुरुवार को तो कोहरे ने हद ही कर दी दिनभर घने कोहरे का घनत्व शाम को इतना बढ गया की लोगो को वाहन चलाना मुश्किल हो गया।

### तरल रसायन के छिड़काव के लिए ड्रोन का सफल प्रदर्शन किया गया

**सागर।** सागर जिले के ग्राम पंचायत भापेल में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहीम मंगूभाई पटेल की उपस्थिति में नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम) के क्षेत्रीय कार्यालय-सतना द्वारा क्रृषि क्षेत्र मे बढ़ावा देने के लिए तरल रसायन के छिड़काव हेतु ड्रोन का सफल प्रदर्शन किया गया। जिसमें लगभग 250 से अधिक कृषक एवं क्रृषि विभाग से उप-संचालक क्रृषि सागर, साथ ही अन्य विभाग के अधिकारी गण उपस्थिति रहे। प्रदर्शन के दौरान कंपनी के जिला प्रभारी मुकेश कुशवाहा द्वारा ड्रोन के बारे में आवश्यक जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा ड्रोन जिसकी कृषक द्वारा सराहना की गई।

### फोटो निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम अनिवार्य रूप से जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

---

योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सरकार आपके द्वार पहुंचकर कर रही है लाभान्वित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र को मिल रहा है योजनाओं का लाभ : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सागर जिले के ग्राम भापेल में आयोजित शिविर में कहा कि योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सरकार आपके द्वार पहुंचकर लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि सागर जिले का भापेल आज गौरव महसूस कर रहा होगा जब पूरी सरकार ग्राम भापेल में आकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अनेक क्रांतिकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाये जा रहे हैं, वहीं गरीब व्यक्तियों को निःशुक्ल 5 लाख तक का इलाज आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चे मकान में रहने में जो दर्द होता है, वह रहने वाला ही समझ सकता है। इसी प्रकार जब गरीब व्यक्ति पैसों के अभाव में इलाज नहीं करा पाता, इसकी पीडा वही समझता है। प्रधानमंत्री मोदी सभी की पीडा समझते हुए योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंछित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इसमें आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं।




सागर जिले के ग्राम भापेल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्यपाल पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था। लेकिन अब संकल्पयात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। सागर जिले में अब तक 345 ग्राम पंचायतों में विकसित यात्रा पहुंच चुकी है तथा हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ भी दिये जा रहे हैं।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि दूर-दराज के नागरिकों को जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नही मिल पाता। इस यात्रा में प्रचार माध्यमों से पुलिस शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूर-दराज पात्र और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है। योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के प्रयास किये जा रहें है। नागरिक इन्हें समझें और पात्रतानुसार लाभ उठाते हुए विकास की मुख्य धारा से जुड़ें, सभी आगे बढ़ेंगे, तभी आर्थिक विकास होगा। इससे देश भी आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्वसहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। महिलाएं योजना का लाभ लेकर ना सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहीं हैं बल्कि परिवार की उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं।

कार्यक्रम में सांसद राज बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत के सपने को हम सबको को मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुसार योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को निचले स्तर तक प्राप्त हो, इसके लिए संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सागर जिले के हजारों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से निचले स्तर से लेकर पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्डो के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सांसद राजबहादुर सिंह, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी , जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, डा. सुशील तिवारी, कलेक्टर दीपक आर्य, एसपी अभिषेक तिवारी, आयुक्त नगर निगम चन्द्रशेखर शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत पीसी शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जन समुदाय एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### राज्यपाल ने ह्रदय रोगी कुमारी ऋतु से ली उनके स्वास्थ्य की जानकारी

**सागर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए। जहां उन्होंने बाल हदय रोगी ग्राम मानक चौक तह. राहतगढ निवासी कुमारी ऋतु यादव पिता विनोद यादव से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। ऋतु के पिता विनोद यादव ने बताया कि उनकी पुत्री हदय रोग से पीड़ति थी। जिसका इलाज मुख्यमंत्री बाल हदय योजना योजना के माध्यम से किया गया। राज्यपाल पटेल ने बिटिया ऋतु के स्वास्थ्य की वहां उपस्थित डा. वीकेश फुसकेले एवं डा. नरेश साहू के माध्यम से जानकारी प्राप्त की एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. ममता तिमोरे ने बताया कि कलेक्टर आर्य के निर्देशानुसार जिले में आरबीएसके योजना के माध्यम से बाल रोगियों का इलाज किया जाता है। ग्राम मानक चौक निवासी ऋतु यादव हदय रोग से पीड़ति होने के कारण उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं डाक्टरों की सलाह पर उसका निःशुक्ल ऑपरेशन भोपाल के सिध्दांता अस्पताल में मार्च 2023 में कराया गया।



## जवाहर वार्ड में कड़कड़ाती ठंड से बचने स्मृति सेवा न्यास ने गर्म कंबल बांटे

**देवरीकलां।** देवरी क्षेत्र में निराश्रित, असहाय एवं बेसहरा जरूरतमंद वर्ग की मदद कर समाजसेवा कार्य करने वाली संस्था श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास ने कड़कड़ती ठंड से बचाव के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर गरीब बुजुर्गो को गर्म कंबल भेंट किये। सेवा न्यास के संचालक नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष पूर्व वर्षो की भांति देवरी नगर के विभिन्न वार्डो में बेसहारा, निराश्रित, असहाय वर्ग की मदद के उद्देश्य से गरीब परिवारों को गर्म कंबल बांटने का निर्णय लिया गया था। उसी के तहत नगर के जवाहर वार्ड में गरीब परिवारों के बीच पहुँचकर उन्हे गर्म कंबल भेंट किये गये है। उन्होने बताया कि आगामी दिवसों में नगर के अन्य वार्डो में लक्षयित वर्ग तक पहुँचकर कबंल वितरण किये जाने की योजना है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सुनील प्रजापति, सुरेंद्र नामदेव, राजा गुप्ता, हल्ले प्रजापति शामिल रहे। विगत 20 वर्षो से देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यो में जुटे श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद जैन स्मृति सेवा न्यास द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### विधायक शैलेंद्र जैन ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से की भेंट, सागर आने का दिया न्यौता

**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन ने सागर के कार्यकर्ताओं के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। सागर में चल रहे नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के विकास कार्यो की प्रगति से उनको अवगत कराया। विधायक जैन ने मंत्री विजयवर्गीय को सागर आने का न्योता दिया। जिस पर उन्होंने जल्दी ही सागर आने का आश्वासन दिया। साथ ही भरोसा दिलाया कि सागर के विकास का जो संकल्प विधायक जैन ने लिया है उसे पूरा करने का काम किया जायेगा।

## लेखांकन पेशा मनुष्य की जीवन शैली है : नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वाणिज्य विभाग डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में बी.कॉम एम.कॉम के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए लेखांकन पेशे के अंतर्गत करियर संभावनाओं पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उस सेमिनार के मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग के 1994 –97 छात्र रहे रामजी नायक रहे। चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रैक्टिशनर रामजी नायक आज अपने धर्मपत्नी सुश्री मानसी नायक के साथ पधारकर छात्रों को महत्वपूर्ण ज्ञान बिंदु प्रदान किए। रामजी नायक ने बताया कि जीएसटी की कर दरों की अतिरिक्त बुलियन एवं गहनों पर 3% का जीएसटी निर्धारित किया गया। अपने आगे बताया कि भारत में विकसित वस्तुओं पर शेष की दर 12% से 160% तक है। अर्थात जिन वस्तुओं पर जीएसटी नहीं लगता उन पर सेस का निर्धारण किया जा सकता है। आपने अपने उद्बोधन में बताया कि मैन्युफैक्चरिंग इकाई पर आजीवन आयकर की दर 17.16 प्रतिशत निर्धारित की गई है। व्यक्तिगत करदाताओं की चर्चा करते हुए अपने स्पष्ट किया की नई एवं पुरानी कर व्यवस्था में नई कर व्यवस्था छोटे करदाताओं तथा उन वेतन भोगी करदाताओं के लिए लाभकारी है जो भविष्य के लिए विनियोग की क्षमता नहीं रखते।



उनके कर दर में भी अंतर है। रामजी नायक ने बताया कि व्यक्तिगत वेतनभोगी करदाता न्यू कर प्रणाली से पुरानी कर प्रणाली में एवं पुरानी से नई कर प्रणाली में प्रतिवर्ष बदलाव कर सकते हैं, जबकि अन्य करदाता ऐसा नहीं कर सकते।

अन्य करदाता एक बार यदि कोई कर प्रणाली चुनते हैं तो उन्हें 5 वर्ष उसी स्कीम में रहना होगा। अतिथि वक्ता ने विद्यार्थियों को रोजगार के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि बीकॉम छात्र जीएसटी एवं आयकर की प्रैक्टिस कर सकते हैं, अपील एवं अपीलीय प्राधिकरण में पक्षवार की ओर से उसका पक्ष रखने के लिए अर्हवारी मान्य है। विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर जे.के. जैन ने कहा कि वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी कभी बेरोजगार नहीं रहते। उन्होंने बताया कि वाणिज्य एक जीवन शैली विषय है, अतः प्रत्येक व्यक्ति वाणिज्य सुगमन करता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट रामजी नायक से छात्रों ने अनेक प्रश्न किए जिनमें उन्होंने संतोषजनक जवाब दिया तथा छात्रों को करियर के लिए वाणिज्य एवं लेखांकन चुनने पर बधाई दी। आपने अपनी सी.ए. की जीवन यात्रा पर ही प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती एवं डॉक्टर गौर के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भव्यता एवं हर्षित जैन ने किया। कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थी, शिक्षक डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. पुष्पा सूर्यवंशी, प्रो. मनविंदर सिंह पाहवा एवं एवं प्रो. जेके जैन। शोधार्थी लोकेंद्र, अदिति स्वामी, सुभाष गुप्ता, अंकित चौरसिया, गरिमा दोहर, पर्णवी निगानिया, सारांश कुमार श्रीवास्तव, पूजा ठाकुर, शिल्पा इक्का, महिमा हाबिल, गुरुदामन श्रीवास्तव आदि थे। धन्यवाद एमकॉम के विद्यार्थी संस्कार जैन ज्ञापित ने किया।

## नव वर्ष पर खेल परिसर के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट शुरूआत, राष्ट्रीय स्तर पर जीते स्वर्ण पदक

**सागर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा आयोजित 67वी राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता जूनियर वर्ग का आयोजन ग्वालियर में किया गया। जिसमें म.प्र. हाकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए खेल परिसर सागर के हाकी प्रशिक्षण केन्द्र मे उमेश चंद्र मोर्य हाकी प्रशिक्षक से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रणवीर परोची ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । जहां पर हाकी के फायनल मैच में म.प्र. ने चण्डीगढ़ को 1-0 से पराजित कर राष्ट्रीय स्तर पर म.प्र. के लिये स्वर्ण पदक अर्जित किया ।इसी क्रम मे स्कूल फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा आयोजित 67वी राष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में खेल परिसर ताईक्वांडो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कु. मानसी कोरी ने -44 कि.ग्रा. वर्ग में मध्यप्रदेश के लिये स्वर्ण पदक अर्जित कर सागर का नाम रोशन किया। साथ ही -67 कि.ग्रा. में खेल परिसर सागर की कु. अविका केशरवानी ने म.प्र. के लिये रजत पदक अर्जित किया। खेल परिसर के इन खिलाड़ियो ने नव वर्ष की शुरूआत के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित कर सागर का नाम रोशन किया। खिलाड़ियो की इस उपलब्धि पर माननीय सांसद राजवहादुर सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पी.सी.शर्मा, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप अविद्रा, एडवोकेट वीनू राणा, आदि ने वधाई और शुभकामनायें प्रेषित की।






## 22 जनवरी का दिन होगा ऐतिहासिक राममय होगा भारत देश : केसरवानी

**सागर।** गुरुवार को भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने साथियों के साथ शहर में घर-घर एवं दुकानों में जाकर राम भक्तों से पीले चावल देकर निवेदन किया। उन्होंने कहा कि आगामी पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 दिन सोमवार 22 जनवरी की शुभ दिन पर भगवान श्री राम के बाल स्वरूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल की गर्भ ग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जानी है जिसके हम सभी साक्षी बना रहे हैं यह केवल भारत देश के प्रधानमंत्री के कारण ही संभव हो पाया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। इस अवसर पर आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप सभी 22 जनवरी के दिन अपने-अपने ग्राम मोहल्ले कॉलोनी में स्थित मंदिरों में जाकर राम भक्तों को इकट्ठा करें भजन कीर्तन करें टेलीविजन या एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं शंख ध्वनि घंटानाद आरती करें एवं प्रसाद वितरण करें। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन सांयकाल में सूर्यास्त के बाद अपने घरों के सामने देवी देवता की प्रसन्नता के लिए भगवान श्रीराम के नाम का दीपक अवश्य जलाएं दीपमाला सजा और अपने घर की दीपावली की तरह साज सजजा करें। और राम नाम का जाप करें केवल राम नाम जप करने से संसार के सभी दुख दूर हो जाते हैं। इसके साथ ही 22 जनवरी को घर में हनुमान चालीसा सुंदरकांड राम रक्षा स्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ करें जिससे वातावरण सर्वत्र सात्विक एवं राममय होगा।इस अवसर पर मनोहर साहू, प्रकाश पटेल, विभास केसरवानी, अभिषेक साहू, विष्णु साहू, अमित नामदेव, सुरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र पटेल, पुष्पेंद्र शर्मा, नितिन जैन, विनोद साहू अमृत पटेल सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

नगर-निगम सभाकक्ष में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित की गई

# पशु बाजार को रतौना शिफ्ट करने और आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने सहित लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी एवं समस्त एम.आई.सी.सदस्यों की उपस्थिति में आहूत की गई, जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये।

राहतगढ़ बसस्टेण्ड के पास लगने वाले पशु बाजार को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना में जगह चिन्हित कर शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया इसके साथ ही शहर में घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ करने तथा कबूलापुल से भगवानगंज चौराहा तक मार्ग का नाम वीर गुरू गोविंदसिंह जी के नाम से नामकरण करने हेतु अनुशंसा सहित विषय को स्वीकृति हेतु परिषद में भेजने का निर्णय लिया गया। म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र भोपाल



दिनांक 13.12.2023 द्वारा खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करने पर तथा मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में प्राप्त हुआ। वर्तमान में तिलकगंज वार्ड में एक मीट मार्केट है, निगम सीमा में मौजूद दुकानदारों से लायसेंस हेतु 225 आवेदन प्राप्त हुये है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मधुकरशाह वार्ड क्रिष्चिन कालोनी के पास, संतकबीर वार्ड में, संजय ड्राइव के आसपास काकागंज वार्ड, भगतसिंह वार्ड ओबरब्रिज के आसपास नवीन मीट मार्केट निर्माण हेतु स्थान प्रस्तावित किये गये है। महापौर परिषद द्वारा चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बाघराज वार्ड स्थित राजघाट चौराहे का नामकरण ''भगवान लव-कुश जी '' के नाम से नामकरण एवं कबीर धाम के सामने कबीर स्तम्भ का निर्माण एवं नामकरण के संबंध में चर्चा उपरांत अनुशंसा सहित विषय को परिषद में भेजने का निर्णय लिया गया।बैठक में विनोद तिवारी, अनूप उर्मिल, धर्मेन्द्र खटीक, रूपेश यादव, रेखा नरेश यादव, सुश्री मेघा दुबे, राजकुमार पटैल, कंचन सोमेश जड़यिा, आशारानी नंदन जैन, संगीता शैलेश जैन, उपायुक्त एस.एस.बघेल, सहायक आयुक्त राजेशसिंह, आनंदमंगल गुरू, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, पूरनलाल अहिरवार, बृजेश तिवारी तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अहिरवार समाज संघ भारत शाखा ने सावित्रीबाई की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



अहिरवार समाज संघ भारत शाखा बीना द्वारा शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले की 193 वीं जयंती ग्राम हिरनछिपा स्थित नवनिर्मित अहिरवार समाज के सामुदायिक भवन के प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बनाई गई।

इस मौके पर संघ प्रदेश अध्यक्ष एमएल वर्मा की अध्यक्षता में सर्वप्रथम भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र समक्ष मोमबत्ती जलाकर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के जिला सतारा में हुआ था। माता सावित्री फुले ने बड़े ही संघर्षों के साथ पति महात्मा ज्योतिबा फूल के सहयोग से खुद पढ़कर लड़कियों एवं महिलाओं को पढाया। सन 1851 को प्रथम स्कूल खोलकर भारत की प्रथम शिक्षिका बनी।

हम सभी को उनके विचारों पर चलकर समाज सेवा करनी चाहिए। संभागीय उपाध्यक्ष दशरथ अहिरवार ने अंधविश्वास, पाखंडवाद, मृत्युभोज, महंगी शादी, पुरानी कुप्रथाओं शराब, नशीले पदार्थों को छोड़कर आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में संघ के संभागीय सचिव आरपी रोहित, नगर अध्यक्ष दयाराम मेशन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र राजोरिया, नगर सचिव आरके राज, गोविंद कुशवाहा, कृष्ण कुमार कुशवाहा, डॉक्टर पंकज कुमार सिंह, गोविंद पटेल, राकेश अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, भागीरथ अहिरवार, पीएन अहिरवार, पंचायत सचिव रामबाबू अहिरवार, परमलाल अहिरवार, राजाराम अहिरवार, लखन बाबू, हेमराज, आसाराम अहिरवार, नंदकिशोर अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# गांधी वार्ड में घर-घर बांटे गए अयोध्या से आए राष्ट्र मंदिर के चित्र, आमंत्रण पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक होने जा रहे देश में महाअभियान के तहत गुरुवार को गांधी वार्ड में भी महाभियान का शुभारंभ गायत्री बस्ती अंतर्गत गांधी वार्ड में आयोजित हुआ।

वार्ड की स्वयं सेवक मंडली एवं माता बहनों ने मिलकर वार्ड में कलश यात्रा निकाली एवं घर-घर जाकर लोगों को 22 जनवरी के दिन घर में दीप प्रज्ज्वलित करने, रंगोली बनाने, वार्ड के प्रत्येक मंदिर पर भजन कीर्तन करने, अयोध्या से आए राष्ट्र मंदिर के चित्र और आमंत्रण पत्रक घर-घर पीले अक्षत भेंट किए गए एवं अयोध्या में प्रभु के दर्शन करने आमंत्रित किया गया। पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी, पार्षद भारती राय, पूर्व नपा अध्यक्ष नीतू राय, प्रभा नामदेव, मनोहर लाल पुरोहित, सत्यनारायण झा, रवि सुडेले, अमित दुबे, शिवराम राय, शिवम पाठक, भूपेंद्र नामदेव, शिवम पाठक, विकास राजपूत सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए
## पाठक पुरस्कार योजना-2023

कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन ) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

कार्यालय प्रति

नाम : .............................. पिता/पति का नाम : .............................. पता : ..............................

मोबाईल : .................. एजेंसी का नाम : .............................. दिनांक ..................

ग्राहक प्रति

नाम : .............................. पिता/पति का नाम : .............................. पता : ..............................

मोबाईल : .................. एजेंसी का नाम : .............................. दिनांक ..................

## श्योपुर के वार्ड 3 में 5 तो विजयपुर के वार्ड 4 में चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में

# श्योपुर-विजयपुर के दो वार्डों में 3106 मतदाता चुनेंगे दो पार्षद, मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर पालिका परिषद श्योपुर के वार्ड क्रमांक 03 और नगर परिषद विजयपुर के वार्ड क्रमांक 04 में पार्षद पद के लिए 5 जनवरी को मतदान होगा। दोनों वार्डों के 3 हजार 106 मतदाता वोट डालकर दो पार्षदों का चुनाव करेंगे। पार्षद पद के लिए श्योपुर में जहां 5 प्रत्याशी चुनाव लड रहे है। वहीं विजयपुर में 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे हुए है। वोटिंग ईवीएम मशीनों से होगी। प्रशासन ने दोनों वार्डों में चुनाव कराने के लिए मतदान दल गठित कर दिए है और उन्हें गुरूवार को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्र की ओर रवाना कर दिया है।

बता दें कि नगर पालिका परिषद श्योपुर में रिक्त बने वार्ड क्रमांक 3 तथा विजयपुर नगर परिषद में रिक्त बने वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद को भरने के लिए यह उप चुनाव हो रहा है। इस उप चुनाव के लिए श्योपुर में तीन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें जैन धर्मशाला का बरामदा श्योपुर, शासकीय कन्या प्राथमिक शाला भवन पश्चिमी भाग तथा शासकीय कन्या प्राथमिक शाला भवन पूर्वी भाग श्योपुर शामिल है। इन तीनों मतदान केन्द्रों पर शुक्रवार को सुबह 7 बजे से 5 बजे तक वोटिंग होगी। जहां 2450 मतदाता पार्षद पर चुनाव करने के लिए वोट डालेगे। इस वार्ड के 2450 मतदाताओ में 1250 पुरूष मतदाता तथा 1194 महिला मतदाता शामिल है।



### विजयपुर में ब्राह्मण धर्मशाला में होगी वोटिंग

नगर परिषद विजयपुर के वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद पद की वोटिंग के लिए सेवा सदन ब्राह्मण धर्मशाला विजयपुर को मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहां चुनाव कराने के लिए मतदान दल पहुंच गया है। यहां 656 मतदाता अपने नए पार्षद का चुनाव वोट डालकर करेंगे। इनमें 339 पुरूष मतदाता और 317 महिला मतदाता शामिल हैं।

### दाये हाथ की अंगुली पर लगेगा निशान

श्योपुर और विजयपुर में पार्षद पद के लिए होने वाले इस उप चुनाव में वोट डालने वाले मतदाताओं के दाये हाथ की अंगुली पर अमिट स्याही का निशान लगाया जाएगा। इस आशय के निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए है। बता दें कि 17 नवंबर 2023 को संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को बाये हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही लगाई गई थी, जिसका निशान अभी भी अंगुली पर बना हुआ है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस उप चुनाव में दाये हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान लगाए जाने के निर्देश दिए गए है। इस उप चुनाव के चलते कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार ने मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस आदेश के अनुसार नगरपालिका श्योपुर के वार्ड क्रमांक 3 और नगर परिषद विजयपुर के वार्ड क्रमांक 4 और उसकी सीमा से 3 किलोमीटर की परिधि की सभी मदिरा दुकानें, होटल, बार पूर्णतः बंद रहेंगे।

### नपा श्योपुर के वार्ड 3 में ये उम्मीदवार मैदान में

| उम्मीदवार | दल | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| प्रदीप जैन | कांग्रेस | हाथ का पंजा |
| तुलसी किशोर दीक्षित | भाजपा | कमल का फूल |
| अकबर अली | निर्दलीय | केक |
| हैदर अली | निर्दलीय | सिलाई मशीन |
| लक्ष्मण प्रसाद मंगल | निर्दलीय | टेलीफोन |

### नप विजयपुर के वार्ड 4 में ये उम्मीदवार मैदान में

| उम्मीदवार | दल | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| सुमन तिवारी | कांग्रेस | हाथ का पंजा |
| मीना बेगम शमशेर | भाजपा | कमल का फूल |
| अफसाना बानो | आप | झाडू |
| नीलम पाराशर | निर्दलीय | सिलाई मशीन |

## राजपूत संभालेंगे बरगवां तो जय कुमार होंगे ओछापुरा थाना प्रभारी

# पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल दस थानों के थाना प्रभारी बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। एसपी डॉ राय सिंह नरवरिया ने कानून व्यवस्था में कसावट लाने के लिए दस थानों के थाना प्रभारियों को बदल लिया है। विजयपुर थाना टीआई महेश कुमार शर्मा को जहां लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं दो थाना प्रभारियों को थानों से हटाकर जेएसआई बना दिया है।

बुधवार की देर रात को एसपी कार्यालय से 3 निरीक्षक और 10 उप निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी हुआ है। तबादला आदेश के मुताबिक यातायात थाना देखकर इंस्पेक्टर सतीश कुमार दुबे को विजयपुर थाना प्रभारी बना दिया गया है। महिला थाना प्रभारी सुधीर हिन्नारिया को देहात थाने की जिम्मेदारी दी गई है। आवदा थाना प्रभारी दिनेश राजपूत को बरगवां थाना प्रभारी बना दिया है। वहीं बरगवां थाना प्रभारी जय कुमार रघुवंशी को ओछापुरा थाना प्रभारी तथा ओछापुरा थाना प्रभारी रवि कुशवाह को रघुनाथपुर थाना प्रभारी बना दिया है। जबकि रघुनाथपुर थाना प्रभारी ध्रुव सिंह भदौरिया को बतौर जेएसआई कोतवाली थाने में पदस्थ कर दिया है।

इसी प्रकार चिलवानी थाना प्रभारी जेपीएस जादौन को फिर से अगरा थाने की कमान सौंप दी गई है और अगरा थाना प्रभारी शिवराम कंषाना को कोतवाली थाने में पदस्थ कर दिया है। जबकि कोतवाली थाने में पदस्थ एसआई सुरेश धाकड को चिलवानी थाना प्रभारी बना दिया है। सेसईपुरा थाना प्रभारी अनुराधा सिंह को सेसईपुरा से हटाकर महिला थाने की कमान दी गई है। उनि अर्चना धाकड को पुलिस लाइन से सेसईपुरा थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया है। उनि शशि तोमर को अजाक थाने से थाना प्रभारी बनाकर आवदा भेज दिया है।

### राजपूत ही संभालेंगे ट्रैफिक थाना

ट्रैफिक थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे को विजयपुर थाना प्रभारी बना देने से तय हो गया है कि अब संजय सिंह राजपूत ही ट्रैफिक थाने की कमान संभालेंगे। बता दें कि संजय सिंह राजपूत सूबेदार से पदोन्नत होकर रक्षित निरीक्षक बने हैं। उन्हें उज्जैन से स्थानांतरित करते हुए श्योपुर जिले के ट्रैफिक थाने में बतौर यातायात निरीक्षक नई पदस्थापना पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गई है।

# पांच महीने के ठहराव के बाद आज से फिर शुरू होगी जिला अभिभाषक संघ के चुनाव की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला अभिभाषक संघ के बहुचर्चित चुनाव प्रक्रिया लगभग 5 माह के ठहराव के बाद फिर शुरू हो रही है। ज्ञात हो कि करीब 5 माह पहले शुरू हुई इस चुनावी प्रक्रिया के शुरू होने से पहले ही जिला अभिभाषक संघ ने मतदाता सूची से 171 नाम विलोपित किए, जो नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए थे उनमें से कुछ शासकीय सेवा में चले गए थे, कुछ फोत हो गए थे, कुछ नाम ऐसे वकीलों के थे जिन पर किसी भी न्यायालय में प्रैक्टिस नहीं करने के आरोप थे, कुछ वकीलों के नाम अभिभाषक संघ का शुल्क अदा नहीं करने के कारण उनके नाम मतदता सूची से हटाए गए थे।

इनमें से कई वकीलों ने संघ के निर्णय को मनमाना बताकर शिकायत मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में की थी, जिसके बाद परिषद की अपील पर चुनाव स्थगित कर दिए गए थे, अब अपत्ति करने वाले सभी क्रियाशील 63 वकीलों के नाम दोबारा मतदाता सूची में जोड़कर दोबारा चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके तहत शुक्रवार से नामांकन दाखिल करना करने की प्रक्रिया शुरू होगी जिसमे अध्यक्ष सहित 6 पदाधिकारी और आठ सदस्यों के लिए होने वाले इस चुनाव का मतदान 17 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सीबी दर्पे एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी केएस सोनी द्वारा जारी किए गए चुनाव कार्यक्रम के तहत 5 से 10 जनवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे, दाखिल किए गए नामांकनों की जांच, नाम वापसी के बाद 17 जनवरी को चुनाव मतदान के द्वारा कराया जाएगा। 5 महीने बाद हो रहे फिर शुरू हो रही इस चुनावी प्रक्रिया से वकीलों में अचानक चुनाव को लेकर दोबारा गतिविधि बढ़ गई है इस चुनाव प्रक्रिया से वह अभिभाषक अधिक उत्साहित दिखाई दे रहे हैं जिनके नाम जिला अभिभाषक संघ ने सक्रिय नहीं होने का आरोप लगाकर हटा दिए थे लेकिन अब मध्य प्रदेश अधिवक्ता परिषद की पहल के बाद उनके नाम भी जिला अभिभाषक संघ की मतदाता सूची में जोड़ लिए गए हैं।



### दो पूर्व विधायकों सहित कई सक्रिय वकीलों के काटे थे सूची से नाम

जिला अभिभाषक संघ ने 15 अगस्त को जो मतदाता सूची का प्रकाशन किया था उसके तहत बड़ी संख्या में 173 वकीलों के नाम मतदाता सूची से विलोपित किए थे इनमें से कई दिग्गज और नाम वाले वकीलों के नाम भी सूची से हटाए गए थे जिनमें पूर्व विधायक एवं क्षेत्र के जाने-माने वकील रहे दुर्गा लाल विजय तथा पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल था। कई सक्रिय वकीलों के नाम अभिभाषक संघ की फीस नहीं चुकाने के कारण सूची से हटाए गए थे जिसके चलते वे न सिर्फ चुनाव लड़ने से वंचित रहे बल्कि उन्हें वोट डालने तक के अधिकार से महरूम रख दिया था।

### चुनाव कार्यक्रम एक नज़र में

- 5 से 10जनवरी तक हों सकेंगे नामांकन दाखिल
- 11 जनवरी को दाखिल किए गए नामांकन की जांच की जाएगी
- 12 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे
- 13 जनवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन
- 17 जनवरी को 3:15 बजे तक मतदान, इसी दिन परिणाम की घोषणा

## योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

# सीएमओ के निर्देश समय सीमा में हो काम, कर्मचारी बोले कम हो काम का बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सीएमओ सतीश मटसेनिया ने कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हे हर हाल में सरकारी योजनाओं के शतप्रतिशत क्रियान्वयन समय सीमा में करने के निर्देश दिए। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उन पर काम का बोझ क्षमता से अधिक डाला जा रहा है इसे कम करने एवं अन्य कर्मचारियों से बांटने का काम किया जाए।



कलेक्टर के निर्देश के बाद आयोजित की गई बैठक में सीएमओ ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जो संचालित हैं तथा सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई जैसे प्रकरण समय सीमा में तत्काल निपटाए जाएं, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि उन पर कई कई योजनाओं का भार डाला गया है एक कर्मचारी के जरिए कई कई कामों को एक साथ कराया जा रहा है जिससे कामों में देरी हो रही है। काम का बोझ कम हो तो वह शीघ्र काम निपटा सकें, लेकिन सीएमओ ने बता दिया कि जितने कर्मचारी हैं उन्हीं से काम कराया जाना है और काम भी समय सीमा में होना है इस मामले में कलेक्टर सख्त हैं लापरवाह कर्मचारियों को दंडित किया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थिति के बीच ग्रामीण ने गटकी सल्फास, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मातासूला निवासी एक ग्रामीण ने बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच सल्फास गटक ली, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया है। रात्रि के दौरान उसकी कोटा में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसके शव को जिला अस्पताल वापस ले आए। पुलिस ने गुरूवार को उसका जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद उसके शव को परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मातासूला निवासी रामविलास मीणा 50 वर्ष पुत्र लालजीराम मीणा ने बुधवार को श्योपुर के बस स्टैंड पर सल्फास की गोलियां गटक ली। इसके बाद पुलिस थाने पहुंचा और कहा कि मैने सल्फास गटक लिया। सल्फास गटकने की वजह प्लाट का विवाद बताया है। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद कोटा के लिए रैफर कर दिया गया। बताया गया है कि रात्रि के दौरान उसकी कोटा में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने गुरूवार को उसका शव पीएम के उपरांत परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में देहात थाना प्रभारी सुधीर हिन्नारिया का कहना है कि मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी,उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रामपुरा डांग पहुंचे कलेक्टर, शिक्षक को निलंबित और सचिव का वेतन रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर संजय कुमार बीती रात को आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम रामपुरा डांग पहुंचे तथा रात्रि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों की शिकायत पर जहां पंचायत सचिव रामलखन शर्मा का दो माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं महिला श्रीमती लीला बाई आदिवासी द्वारा जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत के मामले में शिक्षक भरतलाल राठौर को निलंबित करने के निर्देश डीईओ रविन्द्र सिंह तोमर को दिए। इस दौरान उन्होने सभी ग्रामीणों को कंबल का वितरण भी किया।



इस अवसर पर प्रभारी एसडीएम संजय जैन, तहसीलदार प्रेमलता पाल सहित पटवारी आदि अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने रात्रि चौपाल के दौरान खाद्यान वितरण की समीक्षा की गई, जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ लोगों को पात्रता पर्ची जारी नही हुई है। इस पर उन्होंने पंचायत सचिव को सभी पात्रता पर्ची जारी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रज्जन आदिवासी का नाम आवास प्लस की सूची में दर्ज करने और परसादी आदिवासी को पुत्र स्व.राजपाल आदिवासी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आरबीसी के तहत सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता का प्रकरण भी तैयार करने के निर्देश दिये। खाद्यान पर्ची, संबल योजना आदि पंचायत कार्यो में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव श्री रामलखन शर्मा का दो माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने रामपुरा डांग में सभी ग्रामीणों को कंबल भेंट किये गये तथा बच्चों को बिस्किट एवं टाफी प्रदान की गई।

### एसडीएम लेंगे बच्चों का टेस्ट

रात्रि चौपाल के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों को नहीं पढ़ाये जाने के संबंध में हुई शिकायत पर कलेक्टर संजय कुमार ने निर्देश दिए कि एसडीएम द्वारा विद्यालयीन समय में आकर बच्चों का टेस्ट लिया जाएगा। शैक्षणिक स्थिति कमजोर पाए जाने पर विद्यालय में पदस्थ सभी शिक्षको के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

### टली बैठक, अब 8 को बनेगी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट सुधारने की रणनीति

श्योपुर। बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने की रणनीति बनाने के लिए कलेक्टर संजय कुमार की अध्यक्षता में 4 जनवरी को आयोजित होने वाली प्राचार्यो की बैठक अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित हो गई है। अब यह बैठक 8 जनवरी को आयोजित होगी। इसमें कलेक्टर सभी प्राचार्यों के साथ वन टू वन चर्चा करके परीक्षा परिणाम सुधारने की रणनीति बनाएंगे। यहां बता दें कि पहले यह बैठक 4 जनवरी को आयोजित होनी थी। जिसकी तैयारियां स्कूल प्राचार्यो के द्वारा कर ली गई है। लेकिन एनवक्त पर बैठक स्थगित हो गई। डीईओ रविन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि अब यह बैठक 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभागार में आयोजित होगी। इस बैठक में सभी प्राचार्यों से पूरी तैयारी के साथ आने के लिए कहा गया है।

# अचेत हालत में जिला अस्पताल पहुंची महिला, स्थिति गंभीर, किया रैफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला अस्पताल में गुरूवार को एक महिला को उसके परिवार के लोग अचेत स्थिति में लेकर पहुंचे। महिला के मुंह और नाक से झाग निकल रहे थे, जिससे उसके द्वारा कोई जहरीला पदार्थ गटक लिए जाने का अंदेशा है। फिलहाल परिवार के लोगो ने इस संबंध में डॉक्टरों को कुछ नहीं बताया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बाद उसे रैफर कर दिया है। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि जानपुरा श्योपुर निवासी महिला रेखा 35 वर्ष पत्नी राजू मीणा को गुरूवार की दोपहर को परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंचे। महिला के मुंह और नाक से झाग निकल रहे थे। इस संबंध में परिवार के लोगो ने कुछ नहीं बताया। मगर महिला की स्थिति से ऐसा लग रहा था कि उसने कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया है। इसका पता जांच से ही चलेगा, फिलहाल महिला की स्थिति गंभीर है,जिसे देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज उपलब्ध कराने के बाद उसे रैफर कर दिया है। अस्पताल चौकी पुलिस ने कोतवाली थाना पुलिस को इस मामले की सूचना देकर अपने स्तर से भी मामले की जांच शुरू कर दी है

### जहरीला पदार्थ गटकने का अंदेशा, जांच में जुटी पुलिस

## कलेक्टर के निर्देश पर महिला बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त अभियान

# जिले में 50 फीसद बच्चे आधारहीन अब घर-घर पहुंचकर बनेंगे आधारकार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले की बात करें तो अभी भी 0 से 5 वर्ष तक के आंगनबाड़ियों पर दर्ज 50 फीसद बच्चें ऐसे हैं, जिनके आधार नहीं बने हैं। उधर केन्द्रीय योजनाओं में आधार को उपस्थिति मानकर जारी होने वाली राशि के रूकने के कारण विषम स्थिति न बने, इस उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार के निर्देश पर महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के आधारकार्ड बनाने का विशेष अभियान शुरू किया गया हैं, जिसमें अस्पताल प्रबंधन जहां बच्चों के आधार मेटरनिटी वार्ड में ही पैदा होने के बाद बनाएगा, वहीं आंगनबाड़ियों पर दर्ज बच्चों के आधारकार्ड बनाने की जिम्मेदारी सेक्टर सुपरवाइजरों को सौंपी गई हैं।

श्योपुर जिले की बात करें तो यहां 1226 आंगनबाड़ियों में 0 से 5 वर्ष तक के 80 हजार 741 बच्चें दर्ज है, जिनमें से सिर्फ 47 हजार 718 बच्चों के ही आधार बन सके हैं। इस काम के लिए अब सरकार ने सेक्टर सुपरवाइजरों को आधारकार्ड बनाने के लिए न सिर्फ ट्रेनिंग दी हैं, बल्कि उन्हें आधार बनाने के लिए भारत सरकार ने पंजीकृत भी कर दिया हैं। ऐसी सुपरवाइजर अब आंगनबाड़ियों पर पहुंचकर विशेष अभियान के तहत आधारकार्ड बनने से छूटे बच्चों के आधार बनाने में लगी हुई है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगाए जाने वाले इन शिविरों में बच्चों का वजन और दूसरी गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों के आधार बनाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है।

### अपना आधार साथ लेकर जाएंगे अस्पताल में जन्मे बच्चे

बच्चों को पैदा होने के बाद उनकी पहचान आधार के रूप में मिले, इस कवायद में भी जिला प्रशासन ने पहल की हुई है। अस्पताल में प्रसव कराने आने वाली महिलाओं को बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर देने की योजना तो पहले से ही संचालित थी, अब आधार भी बनाकर दिए जा रहे हैं। अस्पताल में आधार बनाने के लिए जिन एजेंसियों को अधिकृत किया हुआ है, वह संबंधित बच्चे की मां के आधार के साथ बच्चें का आधार बनाकर दे रही है और आधार में नाम जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर चढ़ाया जा रहा है। इस व्यवस्था से अभिभावकों में अपने बच्चों का नामकरण और उसके साथ आधार की सुविधा एक साथ मिलने से खुशी देखी जा रही है।

### किस परियोजना में बच्चों के नहीं बने आधार

| परियोजना | बच्चों की संख्या |
|---|---|
| कराहल | 11399 |
| श्योपुर | 3880 |
| श्योपुर ग्रामीण | 2933 |
| श्योपुर शहरी | 1878 |
| विजयपुर | 7399 |
| विजयपुर ग्रामीण | 8771 |
| कुल | 36260 |

# चंदे की बात को लेकर चले लाठी डंडे, पांच लोग घायल, क्रॉस केस दर्ज

## कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के फक्कड़ चौराहा इलाके में बीती शाम को चंदे की बात को लेकर नायक समाज के लोगों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान लाठी-डंडे चल गए। इस विवाद में दोनों तरफ के 5 लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।



कोतवाली पुलिस ने बताया कि कमालखेडली निवासी सत्यनारायण नायक और वार्ड क्रमांक 11 वैष्णव धर्मशाला के पास निवासी देवीशंकर नायक के पक्ष के लोगों के बीच बुधवार की शाम को चंदे की बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि दोनों पक्ष के लोगो के बीच लाठी डंडे चल गए। विवाद में एक तरफ से सत्यनारायण नायक और उसकी पत्नी मौसमी घायल हो गई। वहीं दूसरी तरफ देवीशंकर नायक, उसकी पत्नी सुमित्रा तथा पवन घायल हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने देवीशंकर पुत्र गोबरीलाल नायक की रिपोर्ट पर सत्य नारायण, रामलखन, अकारा, भोरा, बनवारी, दीपू तथा सत्यनारायण पुत्र रामनिवास नायक की रिपोर्ट पर देवीशंकर, प्रमोद, रूकमाल के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर (म.प्र.) में युवाओं व विद्यार्थियों के लिए नशीले पदार्थो के दुरूपयोग के विरूध्द जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओ को नशे के दुरूपयोग के दुष्परिणाम बताए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस.लहरिया ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में अंग्रजी साहित्य विभाग के शिक्षक डॉ. नवीन पटवा द्वारा विद्यार्थियों का आहवान किया गया कि वे जीवन में कोई भी कदम उठाने से पहले अपने माता-पिता, परिवार एवं राष्ट्र के बारे मे अवश्य विचार करें। कार्यक्रम में विशाल नरवरिया, डॉ. योग्यता भार्गव, डॉ. जगप्रसाद अहिरवार, गौरीशंकर गुप्ता ने भी अपने उदबोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसी कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन ई-शपथ ली जिसमें उन्होने स्वयं व अन्य लोगों को नशे से मुक्त रखने की बात दोहरायी।कार्यक्रम में गंगीता शर्मा, डॉ. प्रीति राजपूत, डॉ. विकास, गायत्री नामदेव, जितेन्द्र ओझा सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं लगभग 110 विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन मनोज ठाकुर, सहा. प्राध्यापक इंतिहास द्वारा किया गया।

### राजपुर में कलश यात्रा निकाली गई



**राजपुर।** राजपुर कस्बे मे बुधवार को हनुमान मंदिर हाट चोराहे से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे बडी संख्या मे ग्रामीणो ने भाग लिया। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में कलशों की पूजा-अर्चना भूरेलाल शर्मा ने की बही मन्दिर के पुजारी वाला प्रसाद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर हनुमान मंदिर पर कलश यात्रा का शुभारंभ किया । गांव की वहन वेटिया माताए सभी मन्दिर पर कलश लेकर इकट्ठा हुईं वहा से कलश यात्रा चालू हुई। आगे भगवा कलर के झंडे बेंड वाजो की धुन पर श्री राम जी की जय कारें लगाए जा रहे थे। रास्ते मै गलियों में भक्त फूलों की पुष्प वर्षा कर रहें थे । यह आयोजन श्री राम जन्म भूमि पर 22जनवरी। कों मूर्ति स्थापना होना है उसी के तहत यह कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के जनपद सदस्य प्रतिनिधि विवेक जैन, राजू यादव, डा रामपाल यादव, मनीष यादव, सत्यनारायण दुवे, हरेश रघुवंशी, सिरनाम पाल, नीरज शर्मा, अरूण शिवहरे, बलराम यादव, सुमित जैन, गांव के महिला पुरूष बडी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज



**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम राजतला निवासी रानी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति अभिषेक अहिरवार ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है।

---

ठंड अब तेजी से पकड़ने लगी है जोर, कृषि वैज्ञानिकों ने जारी की एडवाइजरी

# बढ़ने लगी सर्दी, बचने को अलाव के सहारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले को कोहरा और शीतलहर के प्रकोप से जूझते करीब एक सप्ताह गुजर चुका हैं। इसके बाद भी लगातार सर्दी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसके अतिरिक्त पिछली तीन रातों से कोहरे के साथ ओस की बारिश हो रही है जिससे लोगों के आम जीवन पर इसका असर पढ़ा है। आज रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क चुका था। दिन में सूरज के न निकलने के चलते दोपहर का पारा 18 डिग्री सेल्सियस को पार नहीं कर पा रहा है।

सर्दी से बचने के लिए लोग लगातार अलाव का सहारा ले रहे हैं। शिवपुरी के बाजारों में कई दुकानों के सामने अब अलाव जलता हुआ देखा जा सकता है। सर्दी के प्रकोप के चलते बाजार में होने बाला व्यापार भी ठंडा हुआ है। वहीं बच्चों की छुट्टियां खत्म होने के बाद गलन पैदा करने वाली यह सर्दी मुसीबत बनने वाली है।

### कृषि वैज्ञानिकों ने की एडवाइजरी जारी

पिछले तीन-चार दिनों से बिगड़े मौसम और आगामी प्राप्त हो रहे मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी द्वारा जिले के कृषकों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों व ग्रामीणों के लिए तकनीकी परामर्श दिया गया है। वर्तमान मौसम को देखते हुए आलू की फसल में झुलसा रोग आने की संभावना अधिक है। किसान भाई मेटालेक्जिल व मेंकोंजेव के रेडीमिक्स मिश्रण दवा का 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 10 दिन के अंतराल से 2 बार छिड़काव करें। सरसों फसल में तना गलन (पोलियो रोग) आने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। सुरक्षात्मक उपाय हेतु 15 दिन के लिए फसल में पानी न लगाए। फसलों को शीत लहर से बचाने के लिए हल्की सिंचाई करें या खेत में नमीं बनाए रखें। रात के समय खेत के उत्तर-पश्चिम दिशा में सावधानीपूर्वक कचरा-कूड़ा इस प्रकार जलाए कि धुआं होता रहे व वहां के सूक्ष्म जलवायु (माइक्रोक्लाइमेट) में सुधार हो सके। मौसम/आसमान साफ होने पर हवाएं नहीं चलने की स्थिति में तापमान गिरने की अधिक संभावना रहती है ऐसी दशा में पाला गिरता है। इस स्थिति में फसलों को पाले से बचाव के लिए घुलनशील गंधक 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी के मान से घोल बनाकर फसलों पर छिड़काव करें। फलदार पौधों में थालों में निराई-गुड़ाई कर 5 किग्रा. वर्मीकम्पोस्ट के साथ सल्फर व पोटाश का मिश्रण 250 ग्राम प्रति पौधा दें। इसके अतिरिक्त दुधारू पशुओं को बाहर न निकालें, शेड में ही रखें, स्वच्छ और ताजा या गुनगुना पानी गुड़ के साथ पिलायें एवं पशु आहार में सरसों की खली भी प्रयोग में लायए। ठंड व शीत लहरों से पशुओं के शरीर को जूट के बोरों से ढककर रखें तथा डेयरी शेड के आसपास अलाव जलायें। अधिक ठंड के मौसम में मछली पालन तालाब की ऊपरी सतह अधिक ठंडी हो जाने के कारण संपर्क में आने से मछलियों की मृत्यु हो सकती है। तालाब के पानी का स्तर 1.5-2.0 मीटर तक बढ़ा लें क्योंकि पानी की ऊपरी 01 फीट की सतह ही अत्यधिक ठंडी होती है। ठंड के मौसम में मछली का मेटाबोलिज्म (चयापचयी क्रिया) कम होती है। इस मौसम में परिपूरक आहार (कृत्रिम भोजन) का प्रयोग कम करें क्योंकि मछली ठण्ड के मौसम में कम भोजन ग्रहण करती है।

---

## देहात पुलिस ने जिलाबदर आरोपी को अवैध शराब बेचते किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**शिवपुरी।** जिले की देहात थाना पुलिस ने गुरुवार को दबिश देकर एक जिलाबदर आरोपी को जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर का आरोपी रोहित पुत्र वीरेन्द्र चौहान उम्र 19 साल निवासी खेडापति कोलोनी अहीर मोहल्ला पुरानी शिवपुरी जिला बदर की शर्तों का उल्लंघन कर घर से जहरीली शराब का विक्रय कर रहा है। सूचना पर से पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जिला बदर की शर्तों का उल्लंघन और जहरीली शराब बेचने के मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्य में निरीक्षक विकास यादव,उनि के.एन. शर्मा, प्र.आर.570 विनय कुमार सिंह, मय प्र.आऱ. 374, गजेन्द्र,प्र.आऱ.380 धर्मेन्द्र सेंगर आर. 182 दिनेश कुमर,आर.511 वदन सिंह आर. चा. 259 शरद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

## किराना व्यापारी के घर में लूट, पुलिस ने संदेही को पकड़ा, की गई पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

खनियांधाना नगर के पौठियाई गल्ला मंडी के पीछे पंकज जैन किराना व्यापारी के घर बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात दो अज्ञात बदमाश लूटपाट करने घर में घुस गए। बदमाशों में एक बदमाश बेटी के कमरे में घुस गया और बच्ची चिल्लाने लगी तो बदमाश ने बच्ची के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब बदमाश बच्ची के कमरे से बाहर निकल कर गेट लगाने लगा तो गेट नहीं लगा उसके बाद किराना व्यापारी का घर मे रखा थैला जिसमें बहीखाता लेन देन लिखा था और लगभग 90 हजार रुपये रखे हुए थे वह बदमाशों ने अपने हाथ में ले लिया उसके बाद किराना व्यवसायी पंकज जैन ने



उनको रोकने का प्रयास किया तो दूसरे एक बदमाश ने कट्टा निकालकर पंकज जैन के हाथ में बट से हमला कर दिया और धक्का देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों लुटेरे मेन गेट का दरवाजा खोल कर भाग खड़े हुये। वहीं जब हमारी टीम ने परिजनों से बात की तो परिजनों का कहना था कि कट्टे की नोंक पर हमारे घर में दोनों बदमाशों ने 1 लाख 50 हजार की लूट की है और जब लुटेरे भागने लगे तो छीना झपटी में कट्टा नहीं छूट गया था जिसको हम ने पुलिस को सौंप दिया है। वही पुलिस का कहना है कि बदमाशों ने लूट को अंजाम दिया है और लूट में 90 हजार रुपये और बही खाता लेनदेन के कागजात लूट ले गए है। जब पुलिस से पूछा गया कि उक्त लुटेरों ने कट्टे की नोंक पर लूट की है तो पुलिस ने स्पष्ट मना करते हुए कहा है कि कट्टे की नोंक पर कोई लूट नहीं गई है लुटेरे के हाथ में डंडा था इससे अब सवाल उठता है कि परिजन सही कह रहे हैं या पुलिस फिलहाल खनियांधाना पुलिस ने मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

---


**कुएं में गिरे गोवंश का रेस्क्यू**

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने टॉर्च की रोशनी में बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोलारस कस्बे में बुधवार की रात 11 बजे के लगभग एक गोवंश 50 फीट गहरे कुएं में गिर गया। सूचना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर रात में ही टॉर्च की रोशनी में कुएं में गिरे गोवंश का सफल रेस्क्यू किया। इस बीच कड़कड़ाती सर्दी के बीच बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए रेस्क्यू को अंजाम दिया।

जानकारी के मुताबिक कोलारस कस्बे के राजापुर वार्ड क्रमांक 12 में कुशवाह प्रिटिंग प्रेस वालों के 50 फीट गहरे कुएं में एक बैल गिर गया था। इसकी सूचना बजरंग दल को रात में ही दी गई थी। मौके पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ता अशोक कुशवाह,गोलू कुशवाह,दीपू कुशवाह,पप्पू कुशवाह,राहुल शिवहरे,आकाश शिवहरे,मंगल कुशवाह, रंजीत लोधी, सनी परिहार ने सुबह का इन्तजार न करते हुए बैल को रात में ही मौत के मुंह से निकालने का फैसला लिया। इसके बाद टोर्च की रोशनी में रेस्क्यू की शुरुआत हुई



रस्सी की मदद से गोलू कुशवाह, रिंकू कुशवाह और अशोक कुशवाह को कुएं में उतारा गए। बड़ी मशक्कत के बाद रस्सी से बांध कर बैल को खींचा गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि अगर सुबह का इन्तजार करते तो सर्दी और पानी में डूबने से गोवंश की जान भी जा सकती थी।

---

## कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये।उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में आज दिनांक 04.01.2024 को दोपहर को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति गणेश मंदिर के पास करैरा पर अवैध शराब से भरी हुई प्लास्टिक की दो कैनों को कही ले जाने के लिये किसी वाहन का इंतजार कर रहा है, मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर द्वारा बताये स्थान गणेश मंदिर के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति अपने पास नीले रंग की प्लास्टिक की दो कैन रखे हुए रखे हुए दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेर कर पकडा। जिसने अपना नाम सद्दाम खांन पिता हमीद खांन उम्र 28 बर्ष निवासी बगीचा रोड करैरा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना वताया, उसके कब्जे से नीले रंग की प्लास्टिक की दो कैनों में 30-30 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कुल 60 लीटर कीमती 12 हजार रुपये




को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 09/24 पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से शराव के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी का आपराधिक रिकार्ड निम्म है -थाना करैरा में अपराध क्रमांक 311/21धारा 49 झ्र ए आवकारी एक्ट, 229/20, में 34 आवकारी एक्ट के प्रकरण दर्ज है। आरोपी से दो कैनों में 30-30 लीटर कच्ची शराब कुल 60 लीटर कीमती 12 हजार रुपये जप्त की गई। इस कार्य में थाना प्रभारी निरी0 सुरेश शर्मा, सउनि प्रवीण त्रिवेदी, सउनि सुवोध टोप्पो, आरक्षक आलोक जैन, हरेन्द्र गुर्जर, संजीव श्रीवास्तव, संतोष पाठक की अहम भूमिका रही।

---

## मायके जाने से रोकने पर पति को मारी कुल्हाड़ी

### 10 दिन पहले ही हुई थी शादी, नवविवाहिता पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी।

तेंदुआ थाना क्षेत्र के डेहरवारा में एक नवविवाहिता ने अपने पति के सिर में महज इसलिए कुल्हाड़ी मार दी क्योंकि उसके पति ने उसे मायके नहीं जाने दिया। पीड़ित पति ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने बुधवार को पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज विवेचना में लिया है।

जानकारी के मुताबिक डेहरवारा का रहने वाला 41 साल के अशोक धाकड़ की शादी नहीं हुई थी। करीब दस दिन पहले अशोक ने उड़ीसा की रहने वाली 32 साल की तुलसी गुप्ता से शादी शपथ पत्र के आधार पर कर ली थी। शादी के करीब आठ दिन बाद महिला ने अशोक धाकड़ से कहा कि उसे अपने मायके जाना




है। बकौल अशोक धाकड़ वह और उसकी पत्नी तुलसी, पेरूआ सिरिया वाले कुआं पर गए थे, वहां उसने अशोक धाकड़ से कहा कि वह अपने मायके जाना चाहती है। इस पर अशोक ने उससे कहा कि अपने घर वालों को फोन करके बुला लो उसके बाद चली जाना। इस पर तुलसी नाराज हो गई और उसने न सिर्फ अपने पति अशोक धाकड़ को गालियां दीं बल्कि उसके सिर में कुल्हाड़ी मार दी और कुल्हाड़ी के बेंहटा से उसकी मारपीट कर दी। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

---

## अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपनावदा निवासी हरनाम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी अभिषेक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दयालपुर खैराई निवासी सुखमिन्दर आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रामप्रसाद और गोलू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय स्टेडियम के पीछे निवासी राजू श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी श्याम शर्मा ने शराब के लिए पैसे मागे न देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी सीमाबाई पाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सूरज पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीलरी निवासी नत्थू बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी गुमान और रमाबाई बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अस्पताल मे चोरी करते हुए आरोपी को पुलिस को सौंपा

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एस एस छारी ने बताया कि एनआर सी की छत से चोरी करते हुए आरोपी प्रेरमनारायण निवासी अम्बेडकर मोहल्ला को गिरफतार किया गया है। वह कई दिनो से अस्पताल मे चोरी कर रहा था। 1 जनवरी को अस्पताल के एस एन सी यू वार्ड से बैटरी चोरी चली गई है। उसके द्वारा बताया गया है कि वह चोरी का सामान कबाडे वाले को बेचता है। जिनमे गजेन्द्र,सूरज ,विषाल और एक अन्य शामिल है। उक्त आरोपी को पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

---

12वीं के स्वाध्यायी छात्रों के लिए 80 नंबर का पेपर

## नियमित छात्रों के लिए 75 नंबर थ्योरी, 25 प्रोजेक्ट के

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी फरवरी से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए आंतरिक और बाह्य मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति के लिए भी गाइडलाइन जारी कर दी गई है। नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा के लिए आंतरिक मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उनके स्कूल में कार्यरत संबंधित विषय के शिक्षकों से की जाएगी।

10वीं की विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति बाह्य मूल्यांकनकर्ता के विषय समूह के पूरक के रूप में की जाएगी। उदाहरण के तौर पर अगर बाह्य परीक्षक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र ग्रुप का है तो आंतरिक मूल्यांकनकर्ता भी इस वर्ग से होगा, लेकिन वह इस स्कूल का नहीं, दूसरे स्कूल का रहेगा।

### हायर सेकंडरी में यह रहेगा

हायर सेकंडरी के नियमित और स्वाध्यायी छात्रों के लिए प्रायोगिक विषयों को छोड़कर अन्य सभी विषयों के पेपर 80 नंबर के बनाए जाएंगे। नियमित छात्रों के लिए 20 नंबर आंतरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### 5 से होगी नंबर की ऑनलाइन एंट्री, प्राइवेट पर नियम लागू नहीं

मंडल इस बार जल्द परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस वजह से परिणाम भी समय से घोषित करने की चुनौती रहेगी। ऐसे में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी के नियमित छात्रों के लिए उनके अध्ययनरत स्कूलों के एमपी ऑनलाइन के लॉगिन में 5 मार्च से आंतरिक मूल्यांकन और प्रायोगिक अंक भरने का काम शुरू कर दिया जाएगा। मंडल परीक्षाओं में शामिल होने वाले नियमित और स्वाध्यायी छात्रों के प्रायोगिक और आंतरिक परीक्षाओं के नंबर केवल ऑनलाइन ही मान्य किए जाएंगे। ऑफलाइन अंक मान्य नहीं किए जाएंगे। उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हुई बैठक प्राचार्य ने जारी किए दिशा निर्देश इन प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव द्वारा स्कूली शिक्षकों की बैठक लेकर बोर्ड से जारी दिशा निर्देशों को बताया और कहा कि अच्छी तरह से इन सब का अध्ययन कर ले और इसी आधार पर प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी इस बार की जाएगी। विज्ञान विषय के शिक्षकों ने इस दौरान कुछ सवाल जवाब भी की है जिसके समाधान में बोर्ड द्वारा जारी की गई दिशा निर्देशिका को शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। स्वाध्यायी छात्रों के लिए यह व्यवस्था इसके तहत हाई स्कूल परीक्षा में नियमित और स्वाध्यायी छात्रों के लिए 75 नंबर का पेपर रहेगा। नियमित छात्रों के लिए 75 नंबर थ्योरी और 25 नंबर प्रोजेक्ट, प्रैक्टिकल और नोटबुक के लिए निर्धारित हैं। इसके अलावा स्वाध्यायी छात्रों के लिए आंतरिक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है। स्वाध्यायी छात्रों के लिए 75 अंकों के प्राप्तांक का 100 प्रतिशत अधिभार देकर मार्कशीट तैयार की जाएगी। स्कूलों को करना होगा फाइनल लॉक-ऑनलाइन ओएमआर शीट में एक बार अंक प्रविष्टि सेव करने के बाद उसका प्रिंट निकालकर संबंधित स्कूलों को उसका मिलान करना होगा। इसके बाद उसे फाइनल लॉक करना अनिवार्य होगा। फाइनल लॉक के बाद संबंधित शीट में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। मंडल ने इसे सावधानीपूर्वक भरने के निर्देश जारी किए हैं।

